भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 3110

गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)

देश मे बेरोजगारी

3110 श्री संदोष कुमार पी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बेरोजगारी संबंधी राज्य-वार अद्यतन आंकड़े क्या हैं;

(ख) देश में युवाओं में बेरोजगारी के संबंध में राज्य-वार अद्यतन आंकड़े क्या हैं; और

(ग) देश में महिलाओं में बेरोजगारी के संबंध में राज्य-वार अद्यतन आंकड़े क्या हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्र किया जाता है, जो वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किया जाता है। सर्वेक्षण अवधि प्रतिवर्ष जुलाई से जून होती है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) वर्ष 2017-18 के दौरान 6.0% से घटकर वर्ष 2023-24 में 3.2% हो गई है, और इसी अवधि के दौरान, युवाओं (15-29 वर्ष) के लिए बेरोजगारी दर 17.8% से घटकर 10.2% तथा महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक) के लिए बेरोजगारी दर 5.6% से घटकर 3.2% हो गई है।

15 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों, युवाओं (15-29 वर्ष) और महिलाओं (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) के लिए बेरोजगारी दर (यूआर) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा https://www.mospi.gov.in/download-reports?main_cat=ODU5&cat=All&sub_category=All पर उपलब्ध हैं।

*****